# COVID-19 के दौरान हमारे समुदाय को स्वस्थ और सुरक्षित

# रखते हुए ज़िम्मेदारी के साथ खेल।

लोगों का स्वास्थ्य और सुरक्षा महत्वपूर्ण हैं। यह किसी भी गेम या इनाम से ज़्यादा महत्वपूर्ण है।

लोगों को COVID-19 से सुरक्षित रखने के लिए, हमने Everett (एवरेट), Federal Way (फेडरल वे), Spokane (स्पोकेन), Vancouver (वैंकूवर), और Yakima (याकिमा) में अपने क्षेत्रीय कार्यालय बंद कर दिए। हमने अपने एयरपोर्ट और मॉल स्टोर्स, और Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय को भी बंद कर दिया। यह अस्थायी है।

आप अभी भी लॉटरी खेल सकते हैं। आप स्टोर्स और वेंडिंग मशीनों से टिकटें खरीद सकते हैं। आपको केवल अन्य चीज़ों के लिए खरीदारी करते समय ही टिकटें खरीदनी चाहिए।

विजेता सुरक्षित ढंग से अपने इनामों की रकम की माँग कर सकते हैं। $600 से कम रकम के विजेताओं को लॉटरी की टिकटें बेचने वाले स्टोर्स से अपने इनाम की रकम मिल सकती है। $601 से लेकर $100,000 तक इनामों की रकम के लिए, प्लेयर्स जीतने वाली टिकटें डाक द्वारा Lottery (लॉटरी) को भेज सकते हैं। डाक द्वारा टिकटें भेजने के तरीके के बारे में जानकारी नीचे और हमारी वेबसाइट पर दी गई है। डाक द्वारा टिकटें भेजने से पहले आपको उन सभी पर हस्ताक्षर करने होंगे। $100,000 या उससे ज़्यादा की टिकटों के विजेताओं को इनाम की रकम लेने के लिए Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य कार्यालय में आने के लिए अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने के लिए Lottery Headquarters (लॉटरी मुख्यालय) में कॉल करना होगा।

Washington's Lottery खेलने के लिए धन्यवाद। Washington स्टेट में COVID-19 के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया Department of Health (स्वास्थ्य विभाग) की वेबसाइट पर जाएं।

# सामान्य प्रश्न, 03.26.20 को अपडेट किए गए

**आप अपने कार्यालय क्यों बंद कर रहे हैं?**
Washington's Lottery ने लोगों और हमारे कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए अपने कार्यालय बंद किए। हमने अपने एयरपोर्ट और मॉल स्टोर्स, सभी क्षेत्रीय कार्यालयों (Everett (एवरेट), Federal Way (फेडरल वे), Spokane (स्पोकेन), Vancouver (वैंकूवर), और Yakima (याकिमा)), और Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय को भी बंद कर दिया है। यह अस्थायी है।

**क्या इसका मतलब यह है कि Washington's Lottery बंद हो रही है?**
नहीं। हम अब भी काम कर रहे हैं और सभी गेम्स के लिए टिकटों की बिक्री कर रहे हैं। हमेशा की तरह ड्रॉ निकाले जाते हैं।

**क्या सभी कार्यालय बंद कर दिए जाएंगे?**
सभी क्षेत्रीय कार्यालय तथा मॉल और एयरपोर्ट स्टोर्स बंद हैं। (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय केवल कॉलों और डाक के लिए खुला है। वह लोगों के लिए बंद है।

**मुझे क्या सेवाएं मिल सकती हैं?**
जब तक क्षेत्रीय कार्यालय बंद हैं तब तक वे कोई भी सेवा प्रदान नहीं कर सकते। कृपया टिकटों को चेक करने और लॉटरी की टिकटें बेचने वाले स्टोर्स को ढूँढने के लिए Lottery (लॉटरी) की मोबाइल ऐप का उपयोग करें। कुछ स्टोर्स ने अपने काम करने का समय बदल दिया है, इसलिए प्लेयर्स को स्टोर का समय चेक कर लेना चाहिए। आपको केवल खाने का सामान और गैस जैसी चीज़ें खरीदते समय ही टिकटें खरीदनी या रिडीम करनी चाहिए। ज़्यादातर स्टोर्स अब भी टिकटें बेच और चेक कर रहे हैं, और $600 या उससे कम रकम की जीतने वाली टिकटों के लिए भुगतान कर रहे हैं।

**क्या Lottery (लॉटरी) अब भी ड्रॉ निकाल रही है?**
हाँ। आप हमारी मोबाइल ऐप या वेबसाइट पर मौजूदा जैकपॉट्स, जीतने वाले नंबर, और ड्रॉ निकालने की तारीख़ें देख सकते हैं।

**क्या गेम्स या ड्रॉ निकालने के शेड्यूल्स में कोई बदलाव हुआ है?**
इस समय, कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**विजेता कितनी जल्दी अपनी इनाम की रकम ले सकते हैं?**
Lottery (लॉटरी) स्टोर्स $600 या उससे कम रकम की जीतने वाली टिकटों के लिए भुगतान करते हैं। हमेशा की तरह, स्टोर्स तुरंत इन टिकटों के लिए भुगतान करते हैं। प्लेयर्स $601 से लेकर $100,000 तक की जीतने वाली टिकटों के लिए डाक द्वारा इनाम की रकम ले सकते हैं। $100,000 या उससे ज़्यादा की टिकटों के विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से इनाम की रकम लेने के लिए अपॉइंटमेंट निर्धारित करने के लिए Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय में कॉल करना होगा। विजेताओं के पास इनाम की रकम लेने के लिए 180 दिनों का समय होगा। विजेता टिकट के पीछे हस्ताक्षर कर सकते हैं और हमारा क्षेत्रीय कार्यालय खुलने तक टिकट को किसी सुरक्षित स्थान पर रख सकते हैं।

**अगर कोई प्लेयर इनाम जीतता है और कोई स्टोर उसका भुगतान नहीं कर सकता तो क्या होगा?**
Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय डाक द्वारा भेजी गई जीतने वाली टिकटों पर कार्रवाई करता है। विजेताओं को टिकट के पीछे हस्ताक्षर करने होंगे और पिछले भाग में दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। विजेताओं के पास इनाम की रकम लेने के लिए 180 दिनों का समय होगा। विजेता अपनी टिकट के पीछे हस्ताक्षर कर सकते हैं और हमारा क्षेत्रीय कार्यालय खुलने तक उसे किसी सुरक्षित स्थान पर रख सकते हैं। अगर किसी प्लेयर के पास $100,000 या उससे ज़्यादा की जीतने वाली टिकट है, तो वह व्यक्तिगत रूप से इनाम की रकम लेने के लिए अपॉइंटमेंट निर्धारित करने के लिए Olympia (ओलम्पिया) में मुख्य लॉटरी कार्यालय में कॉल कर सकता है।

**जीतने वाली टिकट डाक द्वारा भेजने के लिए क्या निर्देश हैं?**
विजेताओं को टिकट के पिछले भाग में दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। टिकटें डाक द्वारा निम्न पते पर भेजी जा सकती हैं: Washington Lottery Headquarters, P.O. Box 43050, Olympia, WA 98504-3050. 180-दिनों की समय-सीमा से पहले Lottery (लॉटरी) को टिकट मिल जानी चाहिए। टिकट को केवल समय-सीमा तक डाक में भेजना ही काफ़ी नहीं है।

**क्या मुझे प्रमाणित डाक द्वारा अपनी टिकट भेजनी चाहिए?**
आप प्रमाणित डाक द्वारा टिकट भेज सकते हैं लेकिन उसकी ज़रूरत नहीं है, विजेताओं को टिकट के पीछे हस्ताक्षर करने होंगे और डाक द्वारा टिकट भेजने से पहले पिछले भाग में विवरण भरना होगा।

**क्या जीतने वाली टिकट डाक द्वारा भेजने से पहले मुझे उसकी फ़ोटो लेनी चाहिए?**
अगर आप चाहें तो अपनी जीतने वाली टिकट की फ़ोटो ले सकते हैं। इनाम की रकम जीतने के लिए आपके पास असली टिकट मौजूद होनी चाहिए।

**अगर मैं अपनी जीतने वाली टिकट डाक द्वारा भेजता/भेजती हूँ, तो क्या मुझे इनाम की रकम तुरंत भेज दी जाएगी? या मुझे आपका कार्यालय खुलने तक इंतज़ार करना होगा?**
हम जीतने वाली टिकटों पर डाक द्वारा कार्रवाई करते हैं। उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**क्या जीतने वाली टिकट को रिडीम करने के लिए कोई समय-सीमा है?**
हाँ। ड्रॉ निकालने (ड्रॉ गेम्स के लिए) या गेम ख़त्म (*स्क्रैच* टिकटों के लिए) होने के बाद 180 दिनों के भीतर Lottery (लॉटरी) को जीतने वाली टिकटें मिल जानी चाहिए।

**अगर मेरे पास एक जीतने वाली टिकट है जो 180 दिन पुरानी नहीं है, लेकिन जब तक आप डाक खोलेंगे तब तक वह 180 दिन या उससे ज़्यादा पुरानी हो चुकी होगी तो क्या होगा?**
समय-सीमा से पहले Lottery (लॉटरी) को टिकट मिल जानी चाहिए। अगर समय-सीमा करीब है तो कई प्लेयर्स ओवरनाइट या एक-दिन वाली डाक सेवाओं का उपयोग करते हैं।

**क्या आप 180-दिनों की समय-सीमा को बढ़ा रहे हैं?**
इस परिवर्तन के लिए एमर्जेंसी नियमों की ज़रूरत होगी। क्योंकि हम जीतने वाली टिकटों के लिए डाक द्वारा भुगतान करते हैं, इसलिए हमने 180-दिनों की समय-सीमा को नहीं बढ़ाया। हम इस निर्णय को बाद में बदल सकते हैं।

**आप लॉटरी वेंडिंग मशीनों की सफ़ाई कैसे कर रहे हैं?**
स्टोर्स को लॉटरी वेंडिंग मशीनों की सफ़ाई करनी होगी। जब Lottery (लॉटरी) के कर्मचारी वेंडिंग मशीनों में नई टिकटें डालते हैं तब वे भी उनकी सफ़ाई करते हैं।

**क्या WA Lottery मोबाइल ऐप काम करती रहेगी और उसे नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा?**
हाँ, ऐप अभी भी काम कर है।

**क्या मैं अब भी ऐप में Points for Prizes (इनामों के लिए पॉइंट्स) हासिल कर सकता/सकती हूँ?**
हाँ, आप अब भी Points for Prizes (इनामों के लिए पॉइंट्स) हासिल और रिडीम कर सकते हैं।

**क्या मैं अब भी जीतने वाली टिकटों को ऐप में देख सकता/सकती हूँ?**
हाँ, आप अब भी WA Lottery मोबाइल ऐप का उपयोग करके जीतने वाली टिकटों को देख सकते हैं।